## एक नजर में

### स्वच्छता पखवाड़ा पर की स्टेशन परिसर में सफाई

**मुलताई।** भारत विकास परिषद मां ताप्ती शाखा एवं गायत्री परिवार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता पखावाड़ा पर गुरूवार सुबह नगर के रेल्वे स्टेशन पर स्वछता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। जिसमे भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक राजीव जैन, अध्यक्ष प्रशांत भार्गव, सचिव कन्हैया सोनी, पर्यावरण प्रभारी भूषण चौधरी, अभिषेक खंडेलवाल, संदीप रघुवंशी, वाणिज्य अधिकारी विष्णु गलफट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मकान में लगी आग, सामान, बाइक जलकर राख

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम पांडरी ढाना में बुधवार की रात करीब साढ़े 11 बजे एक ग्रामीण के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण मकान सहित घर में रखा सम्पूर्ण सामान एवं बाइक जलकर राख हो गईं। आगजनी की सूचना मिलने पर नगर पालिका मुलताई की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची एवं आग बुझाई गई। फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया ग्राम लीलाझर पांडरी ढाना में बुधवार की करीब रात साढ़े 11बजे ग्रामीण रामसा कुसरंगा के कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आगजनी की सूचना मिलने पर फायर कर्मचारी धनराज पवार, दीपक अहिरवार, सुमित पूरी मौके पर पहुंचे एवं आग बुझाई गई लेकिन तब तक मकान सहित घरेलू सामान, बाइक, कपड़े, सहित पूरा सामान जलकर राख हो गया। जिससे ग्रामीण को लाखो रुपए की क्षति हुई है।

### पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**मुलताई।** जनसंघ के संस्थापक एकात्म मानववाद की प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती एवं आत्म निर्भर भारत एवं जीएसटी रिफॉर्म पर कार्यशाला का आयोजन भाजपा भवन में किया गया। जयंती समारोह एवं आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नपा अध्यक्ष वर्षा गढेकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती कार्यक्रम के संयोजक राजू चौबे, सहसंयोजक बाबा कडूकार, जीएसटी रिफॉर्म के संयोजक हनी भार्गव सहित भाजपा के समस्त जनप्रतिनिधि वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। भाजपा मीडिया प्रभारी राम चरण मालवीय ने बताया कि जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा कार्यालय सहित नगर के समस्त बूथों पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहा अंतिम छोर के व्यक्ति के उत्थान की सोच रखते थे। उनके सिद्धांत एवं आदर्श के कारण ही आज भारतीय जनता पार्टी उनकी विचारधारा को लेकर इतनी मजबूती से लगातार आगे बढ़ रही है। भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी रिफॉर्म पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार द्वारा आत्मनिर्भर भारत पर 90 दिनो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। वही जीएसटी रिफॉर्म मंडल संयोजक हनी भार्गव द्वारा जीएसटी की नई दरे लागू होने पर इससे होने वाले लाभ से सभी को अवगत कराया गया।

# गर्भवती माताओं की आवश्यक जांचें की जाएं : संभागायुक्त

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 25 सितंबर. संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को बैतूल जिले का सघन भ्रमण कर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया।**

**संभागायुक्त ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण**

**पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया**

इस दौरान कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन सहित संबंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। सबसे पहले संभागायुक्त श्री तिवारी ने चिचोली जनपद के ग्राम मलाजपुर पहुंचकर यहां ग्रामीणों से आत्मीय चर्चा की और स्वास्थ्य ही सेवा कार्यक्रम के तहत यहां उप स्वास्थ्य केंद्र मलाजपुर में आयोजित एक दिन, एक घंटा, एक साथ गतिविधि में शामिल हुए। उन्होंने यहां उप स्वास्थ्य केंद्र मलाजपुर के परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने ग्रामीणों से ग्राम में नल जल योजना के क्रियान्वयन, उप स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ियों और स्कूलों के संचालन की जानकारी लीं। जिसमें ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्र समय पर खुलते हैं और सीएचओ, एएनएम केंद्र पर हमेशा मौजूद रहती हैं। उन्होंने स्कूल भी समय पर खोले जाने के संबंध में प्राचार्य को सख्त हिदायत दी। उन्होंने ग्रामीणों से संबल पंजीयन, पेंशन सहायता, पीएम आवास और आयुष्मान कार्ड




के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान श्री कांति यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर का निरीक्षण:** संभागायुक्त श्री तिवारी ने कलेक्टर श्री सूर्यवंशी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर का निरीक्षण कर यहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनका स्वास्थ्य जाना। साथ ही चिकित्सकों से मरीजों की कराई गई जांचे और उपचार के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने यहां भर्ती आरती सरियाम, सुरेखा और रोशन यादव से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजो को दवाइयों के लिए बाहर निजी मेडिकल स्टोर न जाना पड़े। अस्पताल में ही उन्हें दवाई उपलब्ध हो। मरीजों को चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की निगरानी में ही भोजन सामग्री दी जाएं। इस दौरान संभागायुक्त श्री तिवारी ने पोषण सप्ताह के तहत आयोजित प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और अस्पताल आने वाले लोगों को पोषण आहार के संबंध में जानकारी देने के निर्देश दिए।

**सांदीपनी स्कूल भैंसदेही का निरीक्षण :** संभागायुक्त श्री तिवारी ने शासकीय सांदीपनी स्कूल भैंसदेही का निरीक्षण कर स्कूल के संचालन, स्टाफ और बच्चों की संख्या इत्यादि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्कूल परिसर में आम का पौधा लगाया और कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों से चर्चा की और सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित निबंध, रंगोली, पोस्टर इत्यादि गतिविधियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त जीसी दोहर, सीएमएचओ डॉ मनोज हुरमाड़े, एसडीएम अभिजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### चिचोली में स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण

संभागायुक्त श्री तिवारी ने इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण सप्ताह के तहत लगाई गई पोषण आहार प्रदर्शनी का जायजा भी लिया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि पोषण आहार के गुणों के संबंध में ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को अच्छे से जानकारी दी जाएं। आंगनवाड़ी केंद्रों में भी दिए जाने वाले पोषण आहार गुणवत्तापूर्ण हो जिससे बच्चों की ऊंचाई, वजन में वृद्धि हो। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य शिविर के संचालन और पंजीयन आदि के बारे में जानकारी लीं।

### सीएचसी भैंसदेही में मरीजों से की चर्चा

संभागायुक्त श्री तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदेही का भी निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध चिकित्सा स्टाफ और मरीजों को उपलब्ध होने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। संभागायुक्त ने यहां भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने यहां भर्ती गर्भवती महिला से भी समस्या और सुविधा के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती माताओं के सभी जांच शुरुआती दिनों में ही की जाएं। उनकी आवश्यक जांचे नियमित अंतरालों में कराते रहें। उन्होंने यहां नवजात बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र भी उनकी माताओं को सौंपे।

## सत्ता भौतिक सुख का मार्ग नहीं : केन्द्रीय राज्य मंत्री उइके

**बैतूल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पूरा जीवन कठिनाईयों एवं दुखों से भरा रहा है। इसके बावजूद भी वे अपने संघर्षो से महानता के शिखर पर पहुंचे। पंडित दीनदयाल जी का जीवन हमें सिखाता है कि सत्ता सिर्फ भौतिक सुख का मार्ग नही बल्कि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की सेवा का माध्यम है। जिला स्तरीय संगोष्ठी का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री श्री उइके सहित



भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक डॉ योगेश पण्डागरे, महेंद्र सिंह चौहान, गंगा सज्जन सिंह उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला महामंत्री एवं सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। पंडित दीनदयाल जी जीवन एवं उनका दर्शन एकात्म मानववाद पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि एकात्म मानववाद सिर्फ एक राजनीतिक विचार नही बल्कि नर से नारायण बनने की यात्रा है। शरीर मन आत्मा और बुद्धि के सुख का सार है। राष्ट्र और समाज का दिग्दर्शन है। उन्होंने कहा कि विश्व की सारी समस्यायों का समाधान एकात्म मानववाद से ही सम्भव है। दीनदयाल जी के इस दर्शन को आत्मसात कर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया है और भारत के अर्थतंत्र को इतना मजबूत बनाया है कि आज हम दुनिया की चौथी सबसे बडी ताकत हैं। पं.दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर सुबह 8 बजे से नगर मंडल के विभिन्न मतदान केन्द्रो पर स्वच्छता अभियान संपन्न हुआ।

## सरोवर में मोटर बोट चलाने पर लगाई जाए रोक

**मुलताई।** पवित्र नगरी में स्थित माँ ताप्ती उदगम सरोवर तीर्थ क्षेत्र है। जिससे लोगो की आस्था जुडी है, लेकिन नगरपालिका उदगम सरोवर में मोटर बोट चलाना चाहती है, जो पर्यावरणीय नियमों के विपरित है, ताप्ती सरोवर में मोटर बोट चलाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर नगर के युवाओं ने गुरुवार को एसडीएम राजीव कहार को ज्ञापन सौपा है। मां नर्मदे प्रकल्प के दिनेश कालभोर, ऋषि साहू, भूपेश साहू, दीपांशु साहू, प्रवीण राउत, घनश्याम सोनी, शुभम पंडागरे द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया मां ताप्ती उदगम सरोवर एक तीर्थ स्थल है, जहां पुजन पाठ स्नान ध्यान के



अलावा इस सरोवर का जल भी समस्त क्षेत्र मे पुजनीय है इस पवित्र कुंड को हाईकोर्ट द्वारा भी पवित्र कुंड माना गया है जो धार्मिक आस्था का केन्द्र है जिसमे सुरक्षा की दृष्टि से नगर पालिका मुलताई द्वारा हस्तचलित दो नावो एवं कर्मचारी नियुक्त किये गये है। जिससे अनके लोगो की जान एवं अनहोनी घटनाओ मे सहायता हुई है। लेकिन अब इस सरोवर मे मोटर बोत चलाये जाने की सुचना प्राप्त हुई है जो बिलकुल गलत है। यह सरोवर कोई पर्यटक स्थल नही है यह एक धार्मिक पवित्र तीर्थ स्थान है।

## जनता को गुमराह करने में जुटी कांग्रेस : प्रकाश डेहरिया

**सारनी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल सारणी के मंडल महामंत्री प्रकाश डेहरिया ने कड़े शब्दों में यह स्पष्ट कहा है कि कांग्रेस पार्टी विकास कार्यों पर सवाल उठाकर केवल जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है एवं अपनी राजनीति चमकाने का काम कर रही है वर्षों से विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे निराधार आरोपों का जवाब आखिरकार विकास कार्यों ने स्वयं दे दिया है। मंगलवार को मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने कैबिनेट की अहम बैठक में सारनी स्थित सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में 660 मेगावॉट की नई इकाई को मंजूरी दी गई है। यह निर्णय न केवल सारनी के लिए ऐतिहासिक है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए ऊर्जा उत्पादन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रकाश डेहरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करती रही है, जबकि आमला सारणी के यशस्वी विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे क्षेत्र के विकाश के लिए निरंतर दिन रात कार्य कर रहे है विधायक जी के अथक प्रयासों ने इस परियोजना को मंजूरी तक पहुँचाया है। 660 की नई इकाई को मंजूरी मिलने की खबर जैसे ही जनता को लगी संपूर्ण क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी एवं क्षेत्र वासी खुशी से झूम उठे और भाजपा विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे का जोरदार स्वागत किया।

## कचरा गाड़ियों में हेल्पर नहीं, नागरिक परेशान

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में लापरवाही बरती जा रही है। जिससे सफाई व्यवस्था अव्यवस्थित होती जा रही है। अधिकांश कचरा गाड़ियों में हेल्पर की अनुपस्थिति के कारण वार्डवासियों को स्वयं घरों से निकलकर कचरा गाड़ियों में कचरा डालना पड़ रहा है। यह स्थिति वृद्ध महिलाओं, छोटे बच्चों एवं असहाय नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। नागरिकों का कहना है कि कचरा गाड़ी का मुख्य उद्देश्य घर-घर से कचरा एकत्रित करना है, किंतु हेल्पर न होने के कारण उन्हें शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। कई बार छोटे बच्चों और बुजुर्गों को स्वयं कचरा




उठाकर गाड़ी में डालना पड़ता है, जो सुरक्षा और स्वच्छता नियमों के भी विपरीत है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक कचरा गाड़ी में हेल्पर की अनिवार्य नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और स्वच्छता अभियान का सही उद्देश्य पूरा हो सके। नगर पालिका अधिकारियों की इस लापरवाही को लेकर अब नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है और यदि शीघ्र ही सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो विरोध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## मुंबई के सितारे बिखेरेंगे जलवा

**सारनी।** सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव समिति सारनी के तत्वावधान तथा बॉलीवुड इवेंट्स के बैनर तले आगामी 26 सितंबर रात्रि 8 बजे रामख्यानी स्टेडियम में मुंबई के सितारे रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। इस विशेष अवसर पर अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित और हेलेन के लुक-अ-लाइक कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन बॉलीवुड इवेंट्स की ऑर्गेनाइज़र चमन अय्यूब द्वारा किया जा रहा है। चमन अय्यूब, जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पत्रकार अय्यूब मंसूरी की पत्नी हैं और उनके फेसबुक पर 54 लाख से अधिक व्यूवर्स जुड़े हुए हैं। गौरतलब है कि अनिल कपूर लुक-अ-लाइक आईला (ऑल इंडिया लुक-अ-लाइक) के नेशनल प्रेसिडेंट हैं। कार्यक्रम को लेकर समिति के संरक्षक एवं मुख्य अभियंता वी.के. कैथवार से हुई चर्चा के बाद ही इस भव्य आयोजन पर सहमति बनी। हर वर्ष की तरह इस बार भी सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव समिति नौ दिन तक स्टेडियम में विविध सांस्कृतिक व मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही है। इस अवसर पर न केवल सारनी व आसपास के लोग, बल्कि दूर-दराज़ से आए दर्शक भी शामिल होंगे। सारनी में आयोजित यह आयोजन न केवल मनोरंजन का भव्य मंच बनेगा, बल्कि नगर की सांस्कृतिक पहचान और गौरव को भी नई ऊँचाइयाँ देगा।

## स्वयंवर में सीता जी को मिला मनचाहा वर

**भैंसदेही।** रामलीला मंचन के तीसरे दिन जनक दरबार में परशुराम मुनि का आगमन होता है। जहां वह शिव धनुष टूटा देखकर क्रोधित हो जाते है और सभी को भला बुरा कहते है। इसी दौरान लक्ष्मण से भी तीखी नोंकझोंक होती है। लक्ष्मण के साथ तीखी नोंकझोंक देखकर श्रीराम ने बड़ी विनम्रता से परशुराम के क्रोध को धनुष पर बाण चढ़ाकर शांत किया। जिससे परशुराम को यकीन हो गया कि भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में इस पृथ्वी पर अवतार लिया है। मुनि परशुराम भगवान श्रीराम को नमस्कार कर वहां से चले जाते है। राजा जनक अयोध्या राजा दशरथ



को बारात लेकर आने का निमंत्रण भेजते है राजा दशरथ बारातियों सहित जनकपुर पहुंचते है। जहां जनक अपनी बाकी तीन पुत्रियों के विवाह का प्रस्ताव राजा दशरथ के पास रखते हैं जिसे स्वीकार कर चारों भाइयों राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न की शादी सम्पन्न होती है। इसके बाद राजा जनक अपनी बेटियों को बड़े दुखी व उदास मन से विदा करते है। यह दृश्य देख जनता की आंखों में आंसू आ गए। अयोध्या आकर राजा दशरथ राम के राजतिलक की घोषणा करते है यह सुनकर मंथरा रानी कैकई के कान भरती है।

## ट्रैक्टर ट्रालियों से अवैध रेत परिवहन, नहीं हो रही कार्रवाही

**सारनी। शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में नदियों और नालों से अवैध रेत निकासी और परिवहन का धंधा बेरोकटोक जारी है। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से ढोकर बाजार में बेची जा रही रेत से राजस्व विभाग को प्रत्यक्ष रूप से लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है।**

वहीं अनियंत्रित खनन से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ने के साथ नदियों के अस्तित्व पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। सूत्र बताते हैं कि नगर पालिका क्षेत्र में ठेकेदार भी इन्हीं अवैध स्रोतों से प्राप्त रेत का बड़े पैमाने पर उपयोग कर रहे हैं। टेंडरों की पूर्ति में इस रेत



को शामिल कर प्रशासन की आँखों में धूल झोंकी जा रही है। नतीजतन, आम उपभोक्ताओं को वैध रेत ऊँचे दामों पर खरीदनी पड़ रही है और निर्माण कार्यों की लागत कई गुना बढ़ गई है। क्षेत्र में सक्रिय ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के मालिक कमलेश पवार,कापसे, खान के लगातार सारनी क्षेत्र भर में दिन-रात अवैध रेत ढुलाई में लगे हुए हैं। खुलेआम चल रहे इस कारोबार पर खनिज विभाग और प्रशासन की चुप्पी जनमानस में गहरे सवाल खड़े कर रही है। अब देखना यह रह गया है कि वास्तविक रूप से धरातल पर खनिज विभाग अधिकारी ट्रैक्टर ट्रालियों पर कार्यवाही कर पाएंगे या आश्वाशन महज औपचारिकता रूप में रह जाएंगी। इस गंभीर प्रकरण पर चर्चा करते हुए जिला बैतूल खनिज अधिकारी मनीष पालेवार ने दूरभाष पर कहा जल्द ही विभागीय टीम भेजकर अवैध खनन और रेत परिवहन में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्थिति में राजस्व को नुकसान और पर्यावरण से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सम्मान** | शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई की छात्रा त्रिशा ने किया गौरवान्वित

## कलेक्टर ने राष्ट्रीय मेरिट सूची में आने पर त्रिशा का किया सम्मान

**बैतूल।** शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई की छात्रा कु.त्रिशा तावड़े ने सेंट्रल जोन इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रथम स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय मेरिट सूची में स्थान बनाया है। इस अवसर पर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी एवं श्रीमती नीलम सिंह सूर्यवंशी ने गुरुवार को छात्रा त्रिशा को पुष्प गुच्छ एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने छात्रा की इस उपलब्धि पर माता-पिता की सकारात्मक प्रेरणा, शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई बैतूल के प्रशिक्षकों, प्राचार्य एवं स्टाफ के द्वारा दिए मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने एकलव्य महिला आईटीआई द्वारा महिला



सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे नवाचारो एवं रोजगार प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना करते हुए आईटीआई में महिला प्रवेश में जिला बैतूल को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने में दिए योगदान के साथ शत प्रतिशत प्रवेश पूर्ण करने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्री रेवाशंकर पंडाग्रे, नोडल प्राचार्य केशव सातपुते, प्रशिक्षण अधिकारी सचिन सरले, दिलीप कुमार सोनी, विवेक दायमा, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र दुंदुभी, निर्मल बाथरी, प्रशिक्षण अधीक्षक श्रीमती विनीता पाटिल, श्री महेश चौधरी सहित अन्य स्टाफ ने उपस्थित थे।

संस्था प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे ने बताया कि कु त्रिशा तावड़े ने सेंट्रल जोन में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रथम स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय मेरिट सूची में स्थान बनाया है। त्रिशा मेरिट सूची में स्थान पाने वाली मध्यप्रदेश की एक मात्र प्रशिक्षणार्थी है। जिसने जिले और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के लिए त्रिशा को 2 अक्टूबर 2025 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में भी सम्मानित किया जाएगा।

### छात्राओं की उन्नति के लिए किए जा रहे विशेष प्रयास

महिला आईटीआई बैतूल में कौशल विकास विभाग द्वारा हुनर पहल के तहत महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरु द्वारा प्रत्येक ट्रेड की प्रशिक्षणार्थी को 30 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें कम्युनिकेशन स्किल, सॉफ्ट स्किल, इंग्लिश स्पीकिंग का प्रशिक्षण सम्मिलित है। इसी प्रकार हार्टफुलनेस ध्यान प्रशिक्षण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन एवं हेल्थ क्लब गतिविधि के तहत प्रतिदिन योग एवं कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कौशल विकास विभाग के साथ वाधवानी फाउंडेशन के साथ हुए एमओयू अंतर्गत व्यक्तित्व विकास एवं यूएनएफए के तहत जीवन तरंग कक्षा आयोजित कर जीवन कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## दुर्गा पंडालों में लग रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**भैंसदेही।** पूर्णा उदगम स्थली भैंसदेही में वैसे तो ऐसी बहुत से पर्यटन स्थल और देवस्थान हैं जो प्रदेश के मानचित्र पर इस आदिवासी अंचल को विशेष पहचान दिलाते है। लेकिन आस्था के क्षेत्र में नगर के बाजार चौक में लंबे समय से हर वर्ष शारदीय नवरात्र में स्थापित होने वाली दुर्गा मैय्या के प्रति श्रद्धालुओ की आस्था देखते बनती है। जिसकी शुरुआत नवयुवक दुर्गा रामलीला मंडल के द्वारा की गयी थी। नगर के वयोवृद्ध जन बताते हैं कि ग्राम पंचायत के समय से ही यह नगर का एकमात्र सार्वजनिक मंडल था, जहां आदिशक्ति मां दुर्गा की मुर्ति (प्रतिमा) स्थापना जनसहयोग से की जाती थी। यह क्रम आज भी अनवरत जारी है, ज्ञात हो कि सन् 1999 तक इस कार्य को रामलीला



मंडल ने संभाला और वर्तमान में इस पुनीत कार्य को दुर्गा स्थापना समिति 25 वर्ष से उत्साह के साथ कर रही है। रोचक यह है कि एक ही प्रांगण में दो समितियां आपसी समन्वय के साथ पुरी श्रध्दा से नवरात्री उत्सव मनाती हैं। यहां विराजित मां दुर्गा नगर में जन आस्था का केन्द्र भी है। वैसे तो समूचे नगर के लगभग प्रत्येक वार्ड में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है, लेकिन बाजार चौक में मां दुर्गा के प्रति जन आस्था देखते ही बनती है। स्थापना से लेकर विसर्जन तक यहां श्रद्धालुओ का तांता लगा रहता है,और विशेष पहलू यह है कि यहां हर वर्ष कोई ना कोई भक्त अपनी ओर से दुर्गा प्रतिमा स्थापना समिति को प्रदान करता है।और उसी परिवार के परिजन नौ दिनों तक मां दुर्गा का पुजन कार्य करते है।